give rise to missing credits. The Pay and Accounts Officers being in closer touch with the departmental drawing and disbursing officers, are in a better position to trace the outstanding missing credits and settle them on the basis of direct or collateral evidence.

राजस्थान में विकास योजनाओं के लिए विश्व बैंक से ऋण

839. **श्री कृष्ण कुमार गोयल :** क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि विश्व बैंक द्वारा राजस्थान में विकास योजनाओं के लिए चालू वर्ष में कितनी धनराशि दी गई और इसमें से बिजली, सिंचाई तथा कृषि के लिए पृथक्-पृथक कितनी कितनी राशि नियत की गई ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : राजस्थान में अनुकूली अनुसन्धान (अडेप्टिव रिसर्च) और कृषि विस्तार तंत्र को मजबूत बनाने के प्रयोजन से राजस्थान कृषि विस्तार और अनुसधान परियोजना के बारे में विश्व बैंक समूह से 31 मई, 1977 को बातचीत पूरी कर ली गई थी । इस ऋण करार के अन्तर्गत 130 लाख डालर की सहायता मिलने की आशा है ।

भारत में आये पर्यटक और विदेशी मुद्रा की आय

840. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1975-76 और 1976-77 के दौरान कितने विदेशी पर्यटक भारत में आये और उनसे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ;

(ख) क्या चालू वित्तीय वर्ष में और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई विशेष प्रावधान किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी रूप-रेखा क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) वित्तीय वर्ष 1975-76 तथा 1976-77 के दौरान भारत की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या क्रमशः 475,941 तथा 561.045 थी । वर्ष 1975-76 तथा 1976-77 के दौरान पर्यटन से होने वाली अनुमानित विदेशी मुद्रा की आय क्रमशः लगभग 131.9 करोड़ रुपए तथा 236.1 करोड़ रुपए थी ।

(ख) और (ग) पश्चिमी एशिया, पूर्वी एशिया, तथा आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में बढ़ती हुई पर्यटन मार्किटों का लाभ उठाने के लिये, पर्यटन विभाग का चालू वित्तीय वर्ष के दौरान तेहरान (ईरान), बैंकाक (थाईलैण्ड), ओसाका (जापान), कुआलालम्पुर (मलेशिया), पर्थ तथा मेलबोर्न (आस्ट्रेलिया) में पर्यटन की अभिवृद्धि हेतु नये पर्यटक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है । ये क्षेत्र अब "आपरेशन' नामक उस स्कीम की परिधि में भी आ जाते हैं जोकि भारत के पर्यटन अभिवृद्धिरक कार्यों में एयर इंडिया तथा भारत सरकार के पर्यटक कार्यालयों के बीच निकट सहयोग पर बल देती है ।

पर्यटन विभाग 23 से 26 जनवरी, 1978 तक नई दिल्ली में प्रशांत क्षेत्र यात्रा संस्था के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है । आशा की जाती है कि यह सम्मेलन विश्व के विभिन्न भागों से यात्रा उद्योग के लगभग 1800 नेताओं को